# दिनांक 18.03.2026 को जिलाधिकारी, महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में दिनांक 18.03..2026 को DWSM की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुये :–

**1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।**
**2–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**3–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**4–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।**
**5–समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**6–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।**
**7–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।**
**10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।**
**11–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद।**
**13–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।**
**14–अन्य अधिकारी गण (जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य)।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की निम्नलिखित बिन्दुओ की समीक्षा की गयीः–

**1–भूमि की उपलब्धता :**

जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य हेतु जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि 15 स्थान पर स्थानीय अवरोध व स्थान पर भूमि अनुपलब्ध होने के कारण कब्जा नहीं मिल पा रहा है। जिसके सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया गया कि राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में अनुपलब्ध एवं विवादित भूमि की सूची प्रस्तुत कर समाधान करायेगे इसके अतिरिक्त जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 के साथ वर्चुअल मीटिंग कराकर समस्या का निराकरण कराये व अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराये।

**2–जल जीवन मिशन फेज–2 में कार्यरत मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के कार्यों की समीक्षा–**

जनपद में फेज–2 के कार्य मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 664 नग पेयजल योजना का निर्माण किया जाना है।

- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 664 स्कीम के सापेक्ष 643 नलकूप 427 पम्प हाउस और 205 OHT का कार्य पूर्ण हो गया है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को स्पष्ट निर्देश दिए गये कि 257 योजनाए जहाँ रेगुलर वाटर सप्लाई की जा रही है, यह स्थिति संतोषजनक नहीं है, गर्मी का मौसम आ गया है 15 अप्रैल तक कम से कम 50 नयी योजनओं में रेगुलर वाटर सप्लाई कराना सुनिश्चित करें व लीकेज आदि समस्या का समाधान त्वरित गति से करें।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 916 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 411 नग लेबर ही कार्यरत है जो मानक के सापेक्ष अत्यंत कम है, जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।

**3–"जल जीवन मिशन फेज–4 में सतही स्रोत ग्राम समूह पेयजल योजनाओं (यमुना तथा गंगा) के कार्यो के समीक्षा–**

**(अ) सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा कराया जा रहा है।

- डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 70 प्रतिशत, WTP का कार्य 80 प्रतिशत और OHT का कार्य 74 के सापेक्ष 29 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, को निर्देशित किया गया कि इन्टेक वेल के कार्य में प्रगति लाये व प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर ले जाए तथा जिन OHT की प्रगति 75 प्रतिशत से ऊपर है, उसे 90 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें और जो 75 प्रतिशत से नीचे है उसे 75 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 538 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 70 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।
- डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान को निर्देशित किया गया कि FHTC कनेक्शन प्रदान प्रदान करना सुनिश्चित करें जनपद प्रयागराज जल जीवन मिशन के अंतर्गत CM DASHBOARD पर इसकी प्रगति C कैटेगरी में है जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है।

**(ब) सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 62 प्रतिशत, WTP का कार्य 75 प्रतिशत और OHT का कार्य 115 के सापेक्ष 24 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- पी0 एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि इन्टेक वेल के कार्य में तेजी लाये व प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर ले जाए तथा जिन OHT की प्रगति 75 प्रतिशत से ऊपर है, उसे 90 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें और जो 75 प्रतिशत से नीचे है उसे 75 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 950 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 346 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।

**4–<u>सड़क पुर्नस्थापना</u>–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 99 % पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 98.96 % मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान 99.30% मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद 99 % द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कार्यदायी संस्था एवं टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु आने से पहले बचे हुए रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**5–<u>टी0पी0आई0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज।</u>**

- जल जीवन मिशन के कार्यो के गुणवत्ता हेतु नामित टी0पी0आई0ए0 मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, प्रयागराज के टी0एल0 द्वारा बताया गया कि मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को कुल 16749 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 15316 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 1433 N.C का निस्तारण शेष है, मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा का कुल 1066 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 836 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 230 N.C का निस्तारण शेष है व मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा का कुल 1190 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 1103 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 87 N.C का निस्तारण शेष है, टी0एल0 टी0पी0आई0ए0 को निर्देशित किया गया कि बचे हुए N.C का निस्तारण कराये व सभी योजनाओं का लगातार अपनी टीम से व स्वयं भ्रमण करते रहे, कही भी गुणवत्ता व रोड रेस्टोरेशन के अपूर्ण होने की सूचना न प्राप्त हो इसे प्राथमिकता के आधार पर फर्मो से सम्पर्क कर कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया गया कि फर्म प्रतिनिधि, टी0 पी0 आई0 एवं जल निगम प्रतिनिधि की एक मीटिंग बुलाकर एन0 सी0 का निस्तारण कराये।

**6–<u>अन्य बिन्दु</u>–**

- पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा द्वारा अवगत कराया गया कि उनको 234 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं (568 राजस्व ग्राम) का संचालन एवं रख रखाव हेतु आवंटित किया गया है जिसमें से 171 नग (453 राजस्व ग्राम) योजनाओं का अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है एवं अवशेष 63 नग अनुबन्ध गठन की कार्यवाही प्रगति पर है। उक्त योजनाओं का सर्वेक्षण एवं प्राक्कलन बनाकर मुख्यालय स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया गया है तथा उपरोक्त योजनाओं का संचालन एवं रख रखाव किया जा रहा है। पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि नॉन फंक्शनल स्कीम को फंक्शनल कराकर जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें क्योकि गर्मी का मौसम आ गया है और पठारी क्षेत्रो में पानी की कमी ना होने पाए साथ ही लीकेज और मोटर खराब होने की समस्या को 02–03 दिनों में मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था एल एंड टी द्वारा एक वर्ष से अधिक अवधि से 34 योजनओं में विद्युत संयोजन के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा धनराशि जमा की जा चुकी है परन्तु 15 योजनओं में ही कनेक्शन कार्य हो पाया है। अधिशासी अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज को निर्देशित किया गया कि अलग से समीक्षा विस्तृत विवरण के साथ मुख्य विकास अधिकारी से कराना सुनिश्चित करें।
- मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान और मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा विद्युत संयोजन हेतु धनराशि क्रमशः दिनांक 10/07/2024 व दिनांक 26/10/2024 को इंटेकवेल और डब्लू0 टी0 पी0 के लिए साथ ही अलग–अलग आई0 वी0 पी0 एस0 के लिए धनराशि जमा कर दी गयी है परन्तु अभी तक विद्युत संयोजन का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।
- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि RPWSS ID निर्माण और CMIS पोर्टल की समीक्षा निरंतर करते रहे और प्रगति में अपेक्षित सुधार लाए।
- NJJM के महत्वपूर्ण बिंदु जल आकलन नल जल मित्र ई–जल शक्ति पोर्टल पर पंचायत सचिव व ग्राम प्रधानो के ID निर्माण के लिए समय–समय पर प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत

कराते रहें तथा DPRO को निर्देशित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में प्रगति की समीक्षा कर अपने अधीनस्थो से कार्य पूर्ण कराये।

- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), द्वारा बताया गया कि जनपद स्तरीय आवंटित आई० ई० सी० एक्टिविटी में वेल्फेयर एण्ड इलस्ट्रेशन ऑफ नीडि ग्रामीण सोसाइटी (विंग्स), लखनऊ द्वारा अपने समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है जिसके बिल फर्म द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है जिसकी धनराशि के माग हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से पत्र भिजवाये।
- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), द्वारा बताया गया कि जनपद में आठ आई० एस० ए० संस्था कार्यरत है जिसे तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय द्वारा कलस्टर आवंटित किया गया था सभी संस्थाओ द्वारा प्रथम चरण के कार्य पूर्ण कराकर बिल प्रस्तुत किया गया है जिसका विवरण संलग्न है अधिशासी अभियंता को निर्देशित कियां गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों के सहमति के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाये।
- उत्तर प्रदेश शासन के नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 सं0-7/2026/493/छिहत्तर -1-2026 (2024542) दिनांक 28/02/2026 द्वारा प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रो में क्रियान्वित की जा रही ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओ के संचालन एवं अनुरक्षण एवं दीर्घकालिक स्थायित्व हेतु जिला तकनीकी इकाई (DTU) स्थापित किया जाना है जिसके क्रम में ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण एवं इस हेतु तकनीकी मानव संसाधन उपलब्ध कराने के दृष्टिगत जनपद स्तर पर 'जिला तकनीकी इकाई (DTU) हेतु निम्न सदस्य नामित किये जाते है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र० स० | पदनाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) सिविल | अध्यक्ष/संयोजन |
| 2 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 3 | अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) वि०/यां० | सदस्य |
| 4 | अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग | सदस्य |
| 5 | जिला पंचायतराज अधिकारी | सदस्य |
| 6 | अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग | सदस्य |
| 7 | सहायक विकास अधिकारी, पंचायतीराज (तकनीकी) | सदस्य |
| 8 | जनपद स्तरीय लैब के कैमिस्ट | सदस्य |
| 9 | भूगर्भ जल विभाग के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 10 | परियोजना प्रबंधक, प्रदुषण नियंत्रक इकाई प्रयागराज। | सदस्य |

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
प्रयागराज।

पृ०सं० 616 / M-03 / 55 दिनांक 28/03/26

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1-मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2-अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3-अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,प्रयागराज।
4-महाप्रबन्धक, जलकल नगर निगम, प्रयागराज।
5-जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रयागराज।
6-अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्र0/द्वि0, जार्ज टाउन/हण्डिया/फाफामऊ/मेजा, प्रयागराज।
7-अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।

8–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
9–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
11–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।
12–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
13– प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0 लि0, प्रयागराज।
14–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।

जिलाधिकारी
प्रयागराज।